तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024

12 मक्का दाना को सहेजने लगे किसान, अच्छी कीमत...

14 जिले और विकासखंड के शैक्षिकस्तर के साथ ही...

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

PHOENIX® श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त | विक्रेता एवं सुधारक

डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, मो. 9303991861

खबर संक्षेप

जिड़ार में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर कल

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 5 किमी दूर ग्राम पंचायत जिड़ार मे शासकीय होम्योपैथी औषधालय मैनपुर द्वारा 29 नवंबर दिन शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक शासकीय मिडिल स्कूल खेल मैदान मे विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी डॉ. सुमन बागची ने दी है।

निर्माण कार्यों के लिए 53 लाख की मिली स्वीकृति

गरियाबंद। जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 5 निर्माण कार्यों के लिए 53 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारतरा के ग्राम बम्हनी में बड चौक में टिन शेड, ग्राम पंचायत नवापारा भ के ग्राम खोपलीपट में टिन शेड, ग्राम पंचायत जामली में पुराना गौठान में टिन शेड के लिए प्रत्येक कार्य हेतु 10 लाख रुपए दिए है।

आयोजन : सरकारी अस्पताल में जीवन दीप समिति की हुई बैठक

जो डॉक्टर काम नहीं कर सकते, वे यहां से इस्तीफा देकर चले जाएं: विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सरकारी अस्पताल में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक रोहित साहू ने सीएमएचओ गार्गी यदु,बीएमओ डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया एवं मौजूद डॉक्टरो व नर्स से साफ-साफ कहा कि हास्पिटल में जैसे ही मरीज पहुंचते हैं, वे जिस भाषा में बात करते हैं, उसी सरल भाषा में डॉक्टर बात व व्यवहार करें। ड्यूटी में कोताही बिल्कुल न हो। समय पर हास्पिटल पहुंचे।

- मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाए

विधायक श्री साहू ने कहा कि लगातार शिकायत सामने आ रही है कि यहां मरीजों से अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है। जिनका व्यवहार मरीजों के प्रति गलत रहेगा उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा करेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं में हम तेजी के साथ काम करते चले जा रहे है। सिटी स्केन-सोनोग्राफी भी हो रही है। इसलिए सरकारी अस्पताल के प्रति जनता में विश्वास बढ़ते जा रहा है। विधायक ने बताया कि जेंजरा की पूर्व सरपंच निलेश्वरी साहू को देखने के लिए वे अभी हाल ही में रायपुर के डीके हास्पिटल गए थे। वहां की साफ-सफाई देखकर वे बेहद प्रभावित हुए। वैसा ही साफ-सफाई राजिम सहित जिले के सभी अस्पतालो में तो बेहतर होगा। पिछले दिनों रात में अचानक गरियाबंद अस्पताल पहुंचे वहां के बाथरूम और अन्य कमरों को देखकर बहुत ही पीड़ा हुई। गंदगी और बदबू से सरोबार था। सिविल सर्जन के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा किया है। ये भी कहना चाहता हूं जो डॉक्टर काम नहीं कर सकते वे इस्तीफा देकर यहां से चले जाएं अथवा अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभाए।

एसडीएम एवं तहसीलदारो को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर अचानक पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण करें। बैठक में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर , जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेश यादव,जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजू साहू,किशोर साहू,जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे,जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,सोमनाथ पटेल,संजीव साहू,कुलेश्वर साहू,लफंद के सरपंच नेहरू साहू,मनीष साहू ,अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ सहित गणमान्य नागरिक व पत्रकार मौजूद थे।

बीएमओ डॉ. वीरेंद्र हिरौंदिया नेबैठक में विधायक रोहित साहू से कई कार्यों का अनुमोदन कराया। नाइट ड्यूटी में कार्यरत डॉक्टर एवं नर्स तथा स्टाफ की सुरक्षा के लिए गार्ड की नि यु क्ति , सी सी टी वी , वा शिं ग मशीन,स्लाइडर,डिजीटल बोर्ड,चैनल गेट,सायकल स्टैंड शेड खरीदने का प्रस्ताव रखा। 2022-23 के आय-व्यय की जानकारी दी।

पोटाश बम से घायल हाथी के बच्चे का इलाज प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में 20 दिन पूर्व शिकारियों द्वारा वन्य प्राणियों के शिकार के लिए लगाए गए पोटाश बम से घायल हाथी के बच्चे का रेस्क्यू करके वन विभाग ने उपचार प्रारंभ कर दिया है।

- झुंड से अलग होते ही वन विभाग ने किया रेस्क्यू
- थर्मल ड्रोन कैमरे से कर रहे निगरानी

पहली बार उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वन विभाग एवं एक्सपर्ट टीमों द्वारा थर्मल ड्रोन कैमरे माध्यम से घायल हाथी की फोटो ली गई। घायल हाथी का बच्चा 40 से 50 हाथियों के झुंड के साथ साथ चल रहा था। लगभग 20 दिन बाद झुंड से अलग होने के बाद हाथी के घायल बच्चे का रेस्क्यू कर डॉक्टरों ने आज ईलाज प्रारंभ है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ▶▶|शेष पेज 13 पर

इलाज शुरू किया गया: उपनिदेशक

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि घायल हाथी के बच्चे की उम्र लगभग 3–4 वर्ष है।आज रेस्क्यू कर ईलाज प्रारंभ किया गया है, लेकिन घाव बढ़ गया है। 24 घंटे के भीतर सुधार की स्थिति नहीं बनने पर घायल हाथी को जंगल सफारी इलाज के लिए भी ले जाया जा सकता है। जिसपर चर्चा की जा रही है। हाथियों का झुंड इस घायल बच्चे को छोड़कर कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी एरिया मे पहुंच गया है।

बोर्ड परीक्षा में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बीईओ गजेंद्र ध्रुव, बीआरसीसी तेजेश शर्मा ने आज गरियाबंद ब्लाक के कक्षा 10 वी एवं 12 वी के विषय शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक गरियाबंद में लिया गया।बैठक में 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के पूर्व ब्लू प्रिंट तैयार कर परीक्षा लिया जाना है। जिसमें ब्लूप्रिंट को विद्यार्थियों को लिखवाया गया है या नहीं, ब्लूप्रिंट को समस्त व्याख्याता को बताया गया है या नहीं, त्रैमासिक परीक्षा के बाद प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी तृतीय श्रेणी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की आंकलन छमाही परीक्षा की आकलन तक तैयारी करना। कोर्स 10 जनवरी तक पूर्ण करना, जनवरी माह में प्रश्न बैंक की तैयारी, कमजोर बच्चों को उत्तीर्ण करने के लिए सरल प्रश्नों के उत्तर तैयार करना, बोर्ड परीक्षा की समय सारणी आने के बाद विद्यार्थियों को उनके अनुसार तैयारी करवाना जिस पर गैप कम है उनकी तैयारी कैसे करनी है। सभी जोन प्राचार्य शिक्षा गुणवत्ता में और बोर्ड परीक्षा में गरियाबंद के उत्कृष्ट प्रदर्शन हो। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षा अधिकारी गरियाबंद गजेंद्र ध्रुव, बीआरसीसी तेजेश शर्मा, जोन प्राचार्य वंदना पाण्डेय, अल्का दानी, बलदाऊ कोसले, धर्मेंद्र ठाकुर सहित जोन के सभी व्याख्याता उपस्थित थे।

जिला पंचायत प्रतिनिधियों का हुआ विदाई सम्मेलन

नवापारा-राजिम। कार्यकाल पूरा होने पर न्यू सर्किट हाऊस में सीईओ विश्वदीप यादव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा की पहल पर विदाई समारोह के रूप में सम्मेलन हुआ जिसमें राजस्व व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ,आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहब ,अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ,धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ,छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता राजेश अवस्थी ,जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप यादव ,सहित सभी जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। सम्मेलन से लौटकर जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने बताया कि यह सम्मेलन सदैव यादगार रहेगा। इस सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्यों के आग्रह पर विधायक अनुज शर्मा, राजेश अवस्थी के एवं मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने मधुर स्वर से गीत-संगीत सुनाकर वातावरण को खुशनुमा बनाया। रानी पटेल ने इस सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी विधायक, मंत्री तथा सीईओ के प्रति आभार व्यक्त किया। बताया कि सम्मेलन के दौरान पांच साल के कार्यकाल का अपना-अपना अनुभव साझा किया।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 28 नवंबर से 1 दिसंबर
समय: गुरुवार से शनिवार (प्रात: 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

PHILIPS | REXTON
HEARING AIDS AVAILABLE

- श्रवण यंत्र पर भारी छूट
- कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
- स्पीच थेरेपी

Google Rating ★★★★★ | PHILIPS Authorized dealer | 9659 455 455
Google Play | App Store

रायपुर- विमला सदन, फव्वारा चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग)
भिलाई - इथीराज टावर्स, सुपेला, भिलाई (छ.ग)
बिलासपुर - अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग(मुख्य शाखा) के सामने, मगरपारा रोड, बिलासपुर (छ.ग)
जगदलपुर - बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर (छ.ग)
कोरबा - ब्लू बर्ड्स स्कूल के पास, निहारिका कोरबा (छ.ग)
अंबिकापुर - मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, अंबिकापुर (छ.ग)

khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम

बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

नगर पालिका और पंचायत चुनाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूयज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आगामी नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 के लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- जिला पंचायत सीईओ रीता संभालेंगी प्रशिक्षण और जाबो कार्यक्रम

कानून व्यवस्था और आचार संहिता की देखरेख के लिए अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय को नोडल अधिकारी और जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत की सीईओ रीता यादव को प्रशिक्षण और जाबो कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें समस्त जनपद सीईओ और नगर पालिका सीएमओ उनकी सहायता ▶▶|शेष पेज 13 पर

समयबद्ध व प्रभावी ढंग से करें कार्य

निर्वाचन सामग्री की प्रूफ रीडिंग और मुद्रण का काम अपर कलेक्टर नवीन भगत देखेंगे। सामग्री वितरण और वापसी की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली खल्को को दी गई है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

खबर संक्षेप

चैंबर ने व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर की ओर से दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ रायपुर और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नये पदाधिकारियों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। इन दोनों व्यापारी संगठनों में पूर्व पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद संघ के सदस्यों द्वारा नये पदाधिकारियों का चयन कर रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सरल मोदी एवं गुरुनानक चौक व्यापारी संघ, रायपुर से अध्यक्ष महेश जेठानी सचिव पद पर विजय शादीजा को निर्विरोध चुना गया।

डेयरी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

रायपुर। दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारतवर्ष में श्वेत क्रांति एवं दुग्ध उद्योग के जनक, डेयरी किसानों को सहकारिता के माध्यम से सीधे उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़कर उचित आय, दूध की गुणवत्ता एवं महत्ता प्रतिपादित करने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. एके त्रिपाठी ने डॉ. कुरियन की जीवनी, डेयरी के क्षेत्र में उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में संदीप देवांगन, छत्तीसगढ़ प्रांत हेड, अमूल इंडिया ने छात्रों को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिष्ठाता ने संविधान दिवस के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई व भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति भंडारकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केके साण्डे द्वारा किया गया।

पुरानी रंजिश पर दांत से काटा, केस दर्ज

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने दांत से काटने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 25 नवंबर की रात 8 बजे मठपुरैना नहरपार के पास की है। आरोपी कान्हा निर्मलकर एवं महेंद्र निर्मलकर ने पुराने झगड़े की बात पर प्रार्थी धनेश्वर निर्मलकर एवं उसके भाई महेश्वर के साथ विवाद किया। इस दौरान आरोपी ने उसके हाथ को दांत से काट दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा बीएनएस- 296, 351-2, 115-2, 118-1, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए शासन की हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा एक माह तारीख बढ़ाए जाने के बाद एडमिशन के लिए महज चार दिन शेष हैं। नर्सिंग कालेजों को खाली पड़ी बीएससी नर्सिंग की 4775 सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य शासन की अनुमति का इंतजार है। आईएनएसी इन खाली सीटों को भरने के लिए जीरो परसेंटाइल का नियम अपनाने के लिए अपनी सहमति दे चुकी है।

राज्य में हर साल की तरह इस बार भी न्यूनतम अंक के प्रावधान की वजह से कई निजी नर्सिंग कालेजों में भारी संख्या में एडमिशन के लिए सीटें खाली बची हैं। इसे लेकर निजी कालेज प्रबंधन काफी चिंतित हैं और वे न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त कर एडमिशन दिए जाने राज्य शासन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर आईएनसी ने पचास प्रतिशत के न्यूनतम अंक को समाप्त कर प्रवेश देने पर अपनी सहमति दी थी। इसके साथ प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी। अंतिम तारीख आने में केवल चार दिन शेष हैं, इसलिए कालेज प्रबंधन शासन द्वारा एडमिशन के लिए सहमति देने की आस लगाए बैठे हैं। शासन से इसकी हरी झंडी मिलने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग अपनी औपचारिकता पूरी करेगा, तो प्रवेश के लिए एक से दो दिन का वक्त मिल जाएगा।

बीएससी की 4775 सीटें हैं खाली, आईएनसी दे चुकी सहमति

35 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन

अब तक पूरी की गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शासकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7221 सीटें हैं, जिनमें अभी 4775 सीटें एडमिशन के लिए खाली बची हैं। इसी तरह पोस्ट बेसिक, एमएससी नर्सिंग की सीटें भी काफी संख्या में खाली बची हैं। ज्यादातर निजी कालेज बीएससी नर्सिंग का कोर्स संचालित करते हैं, इसलिए उनकी चिंता इन्हीं सीटों पर एडमिशन की ज्यादा है।

14 हजार अभ्यर्थी हो जाएंगे पात्र

शासन जीरो परसेंटाइल के आधार पर अगर एडमिशन देने की अनुमति देता है, तो व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने वाले 14 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पात्र हो जाएंगे। इससे पर्याप्त संख्या में छात्र मिलने से खाली पड़ी ज्यादातर सीटों में प्रवेश हो जाएगा। पिछले शिक्षण सत्र यानी 2023-24 में नर्सिंग एडमिशन की प्रक्रिया फरवरी अंत तक पूरी की गई थी।

अच्छी खबर: मक्का खरीदी में नापेड की एंट्री से चमका बाजार

मक्का दाना को सहेजने लगे किसान, अच्छी कीमत मिलने से चेहरों में दिख रही चमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग व मैनपुर क्षेत्र में लगभग 18 हजार हेक्टेयर में हजारो किसानों ने धान के साथ खरीफ सीजन में फसल परिवर्तन के तहत मक्का की भी खेती पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। गरियाबंद जिले मे सबसे ज्यादा मक्का की फसल मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में ली जाती है। लगभग 11 हजार हेक्टेयर में किसान मक्का की फसल लगाएं हैं।

शुरूआती दौर से ही एमएसपी दर 2225 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा कीमत किसानों को मिल रही है। जिसके कारण किसानो मे भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इसकी वजह मक्का खरीदी में नापेड की एन्ट्री है। पहली बार प्रदेश मे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा मक्का की खरीदी की जा रही है। नाफेड के राज्य नोडल अधिकारी संजय सिंह स्वयं मैनपुर देवभोग क्षेत्र के ग्रामों मे पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और एमएसपी दर पर मक्का खरीदी के संबंध मे जानकारी दे रहे हैं। आज मैनपुर तहसील मुख्यालय भाठीगढ़ में भी मक्का खरीदी प्रारंभ कर दिया गया है जिसका शुभारंभ ग्राम ठेमली मे किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सहदेव साण्डे, भाठीगढ़ के सरपंच जिलेन्द्र नेगी, पूर्व जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवी सिंह कमलेश, भारतीय राष्ट्रीय कृशि विपणन संघ के राज्य अफसर संजय सिंह, संतोश पांडेय व बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

अच्छी क्वालिटी के कारण मांग ज्यादा

मैनपुर और देवभोग क्षेत्र के मक्का को बेहतर और क्वालिटी का माना जाता है। प्रति एकड़ 20 से 25 क्विंटल मक्का का उत्पादन होता है। क्षेत्र के मक्का के मांग खासकर कनाडा, आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में अधिक होती है। विकासखण्ड के शोभा, गौरगांव, कुचेंगा, भुतबेड़ा, कोकड़ी, साहेबिनकछार, जांगड़ा, जुंगाड, तौरेंगा, इंदागांव, अड़गड़ी, बुड़गेलटप्पा ,कोकडी, अडगडी,डुमाघाट, फरसरा, धारनीधोडा, धनोरा, छैलडोंगरी, काण्डेकेला, खजुरपदर,अमाड, ठेमली, पथर्री, पेण्ड्रा एवं देवभोग क्षेत्र के गांव –गांव में मक्का लगा रहे हैं।

मक्का से किसानों की तकदीर और तस्वीर बदली

किसान संजीव मरकाम, असमन, सोहन राम, बुधराम, कचरू, लच्छूराम पुरेन्द्र, नरहरी, हेमकुमार, भरतरी, रमेश, सीताराम, फलेस ने बताया कि वे सालों से मक्का की फसल ले रहे हैं। मक्का बेचने मे भारी परेशानी हो रही थी। लेकिन इस वर्ष नापेड द्वारा गांव मे आकर मक्का खरीदी के संबंध में किसानों को बताया जा रहा है। साथ ही 2225 प्रति क्विंटल की दर से मक्का खरीदी की जा रही है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 11 हजार हेक्टेयर में किसान मक्का की फसल ले रहे हैं। देवभोग क्षेत्र में 7–8 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है।

किसानों को दे रहे अच्छा मूल्य: संजय

नाफेड के राज्य अफसर संजय सिंह ने बताया मैनपुर के रीपा सेंटर भाठीगढ़ एवं अमलीपदर तथा कदलीमुड़ा में मक्का की खरीदी प्रारंभ की गई। आज की स्थिति में 65 मीट्रिक टन मक्का खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया नाफेड के चलते किसानों को मक्का फसल का अच्छा मूल्य मिलने लगा है।

एमडी-एमएम का काउंसिलिंग शेड्यूल संशोधित, राज्य और अभा. कोटे में सप्ताहभर का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया और राज्य कोटे की एमडी-एमएस सीटों पर एडमिशन तारीख के कारण हो रही दिक्कत से विद्यार्थियों को राहत मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को प्रवेश का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। अब दोनों कोटे से प्रवेश की काउंसिलिंग में सप्ताहभर का अंतर आ गया है।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया नया शेड्यूल, पहला राउंड 30 तक

राज्य कोटे से मेडिकल पीजी की सीटों पर पहले राउंड से एडमिशन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है, जिसे बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। साथ ही दूसरे दौर, मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के लिए पूर्व में तय तारीख को संशोधित किया गया है। नए शेडयूल के तहत अब काउंसिलिंग का सेकेंड राउंड 11 से 24 दिसंबर के बीच पूरा होगा। इसी तरह मॉपअप राउंड 6 से 22 जनवरी के मध्य पूरा किया जाएगा। पूर्व में राज्य कोटे की प्रवेश प्रक्रिया की तारीख अखिल भारतीय कोटे से एडमिशन की तिथि लगभग सामान थी। इसकी वजह से एडमिशन लेने वाले छात्रों को दिक्कत हो रही थी। कई छात्रों को दोनों कोटे से सीटें आवंटित हो गई थीं। वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि एडमिशन की प्रक्रिया किस कोटे के तहत पूरी की जानी चाहिए।

एनओसी का चक्कर, पढ़ाई से चूक सकते हैं कई डॉक्टर

पीजी की पढ़ाई के मामले में स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सेवा देने वाले की चिकित्सा अधिकारी वंचित हो सकते हैं। नियमित रूप से सेवा देने वाले कई डॉक्टरों पीजी की सीट अलॉट हुई है, मगर उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल रहा है। नियम के मुताबिक, एडमिशन के लिए विभागीय की एनओसी अनिवार्य की गई है। चर्चा है कि पढ़ाई के लिए दस प्रतिशत नियमित डॉक्टरों को एनओसी दिया जाएगा। किन डॉक्टरों को एनओसी मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसलिए सभी संचालनालय के चक्कर काट रहे हैं। मंत्रालय का चक्कर लगा रहे डॉक्टरों ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। तर्क दिया गया है कि इस बार एनओसी को अनिवार्य किया गया है, जबकि पिछली बार शपथपत्र के भरोसे छह माह का समय देकर प्रवेश दिया गया था। छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि नियम की वजह से चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएंगे।

तेलीबांधा के पार्क स्प्री वॉक में बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजक राइड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा सरोवर परिसर के रिक्रियेशन जोन एरिया में अब पार्क स्प्री वॉक बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। स्प्री फन वर्स परिसर में 20 नए रोमांचक राइड्स का शुभारंभ गत दिनों किया गया। वाइल्ड रश एडवेंचर पार्क में ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए मेरी गो राउंड झूला लगाया गया है।

- ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर, मेरी गोराउंड झूला
- जिप लाइन, जिप साइकिल, जिप रोलर, प्ले स्टेशन भी

स्प्री वाक मरीन ड्राइव में एडवेंचर और एम्यूजमेंट पार्क में जिप लाइन सिंगल वे और डबल वे, जिप रोलर, रोप कोर्स, जंगल राइड के साथ फ्लाइंग कार उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों के मनोरंजन और खेलकूद फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रेगन राइड झूले लगाए गए हैं। ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया गया है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को बढ़ाने शुरू की जा रही हैं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पेड़ पौधे

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए परिसर में पौधारोपण किया गया है, ताकि जनता को मनोरंजन के साथ ही हरियाली भी सहजता से उपलब्ध हो सके। रिक्रियेशन जोन में 100 अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं।

स्मार्ट मीटर लग रहे, पर कनेक्शन प्रीपैड होने में लगेगा लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने वाली है। अब तक पांच लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग गए हैं।

- पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त करने नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजकर लेनी होगी मंजूरी

इतना तय है कि कनेक्शनों को प्रीपैड होने में अभी लंबा समय लगेगा। पहले पॉवर कंपनी का राजस्व विभाग परीक्षण करेगा, इसके बाद इसका प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। एक सबसे बड़ी बात इसके लिए राज्य सरकार का भी सहमत होना जरूरी है। आने वाले समय में प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव भी होने हैं। प्रदेश सरकार यह भी देखेगी जिन राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड किए गए हैं, वहां पर स्थिति क्या है। कहीं कोई ज्यादा परेशानी तो नहीं है।

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 54 लाख के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा मीटर लग गए हैं। इनको लगाने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ खर्च करना पड़ रहा है।



सुरक्षा निधि करनी होगी वापस

प्रदेश में जो 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, उसमें से करीब छह लाख कृषि पंपों के उपभोक्ता हैं। इनमें स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इसी के साथ 20 लाख के करीब बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। करीब 40 लाख उपभोक्ता जिनकी सुरक्षा निधि जमा है, उनको वापस करनी पड़ेगी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक हर माह करीब 13 सौ करोड़ के बिल बनते हैं। इसके मुताबिक दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि जमा रहती है, वह करीब 26 सौ करोड़ है, लेकिन उद्योगों के मीटर न बदलने के कारण उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं होगी। यह निधि बहुत ज्यादा होती है।

सरकारी जमीन आवंटन के विरोध में बंद रहा अमलीडीह बाजार, किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित करने के विरोध में मंगलवार को अमलीडीह क्षेत्र के रहवासियों ने एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया।

इस मांग के समर्थन में अमलीडीह का पूरा बाजार भी बंद रहा। क्षेत्र के व्यापारियों ने इस आंदोलन के समर्थन में आधे दिन दुकानें बंद रखी। हालांकि बंद का असर इमरजेंसी सेवाओं पर नहीं पड़ा, जिससे मेडिकल, अस्पताल, राशन दुकान, पेट्रोल पंप से लेकर नगर निगम के जोन दफ्तर खुले रहने से आम लोगों के कामकाज भी होते रहे।

अमलीडीह क्षेत्र में पुलिस कालोनी के पीछे करीब 9 एकड़ शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित किया गया है। शासन द्वारा आबंटित किए गए इस आदेश की जानकारी जैसे ही अमलीडीह क्षेत्र के वार्ड की निर्दलीय पार्षद संध्या नानू ठाकुर, पूर्व पार्षद लीलाधर चंद्राकर सहित स्थानीय वासियों को मिली, सभी इसके विरोध में उतर आए। इस मामले में वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में कलेक्टर जनदर्शन में जाकर पहले विरोध जताया और एक दिवसीय आंदोलन करने की घोषणा की। इस घोषणा के तहत केनाल रोड से अमलीडीह जाने वाले मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

आंदोलन के समर्थन में बंद रहा बाजार

इस आंदोलन के समर्थन में अमलीडीह क्षेत्र के व्यापारियों ने भी अपना समर्थन देते हुए दुकानें आधे दिन बंद रखीं। कई व्यापारी ऐसे भी थे जिन्होंने दिनभर दुकानें बंद रखीं। इनमें सब्जी, फल, किराना सहित अन्य दुकानों के साथ ठेला-गुमटी भी बंद रहे।

कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित थी जमीन

पूर्व कांग्रेस शासनकाल में इस जमीन को कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित किया गया था। इस जमीन की अनुमानित लागत करीब 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। शासकीय भूमि खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा 3.203 हेक्टेयर भूमि को एक बिल्डर को आवंटित कर दिया गया है। इसी प्रकार खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा में से 0.2362 हेक्टेयर भूमि को भी किसी अन्य को आबंटित किया गया है। बाबूलाल पटेल को आबंटित जमीन के मामले में तहसील कार्यालय में केस भी लगा हुआ है, जिस पर फैसला आना बाकी है।

मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

धरना-प्रदर्शन के दौरान वार्ड वासियों के प्रतिनिधिमंडल ने जमीन का आबंटन निरस्त करने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

ग्लोबल महोत्सव में दिखी देश विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हैदराबाद के भाग्यनगर स्थित शिल्पकला वेदिका के विशाल प्रांगण में चार दिवसीय 21 से 24 नवंबर तक लोकमंथन के नाम से ऐसा ग्लोबल सांस्कृतिक महोत्सव हुआ। जिसमें देश-विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति देखने को मिली।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, नागालैंड, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ के जनजातीय और लोक कलाकार अपनी कला के साथ वहां पूरी तैयारी से वहां उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से डॉ. पूनम संजू द्वारा बैगानी करमा व बैगा संस्कृति की विविधताओं पर अपने विचार रखे गए। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छायाचित्रकार सोनीजी, पद्मश्री अर्जुन ध्रूवे अपनी गीतों की प्रस्तुति दी।

डिप्टी सीएम शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ली संयुक्त बैठक

नशीली दवाओं के खिलाफ होगा पुलिस और दवा विभाग का ज्वाइंट एक्शन, बड़े मामले एनसीबी तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशीली दवाओं के कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस और औषधि विभाग संयुक्त अभियान चलाएगा। कार्यवाही के दौरान अगर बड़े मामले पकड़े जाते हैं, तो इसमें नारकोटिक्स की टीम को शामिल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महानदी भवन में दोनों विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग और औषधि विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही का ब्योरा दिया गया। इस दौरान दोनों ओर से नशीली दवाओं के मामले में कार्रवाई के आंकड़े सामने आए। दोनों मंत्रियों ने नशीली दवा के बढ़ते मामले को गंभीरता से लिया और इस पर सख्ती से रोकथाम के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।

सूत्रों के अनुसार अब पुलिस और औषधि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी जो संयुक्त रूप से छापेमारी और दवा दुकानों की जांच का काम करेगी। इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है। कहीं नशे की दवाओं के बिक्री की सूचना मिलती है, तो दोनों विभाग की टीम एक साथ छापेमारी करेगी। मामला बड़ा होगा, तो इसकी जानकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी दी जाएगी।

पकड़े गए दुकानदार तो सीधे एफआईआर

नशीली दवाओं के मामले में अगर किसी दवा कारोबारी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर होगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान यह बात भी सामने आई है कि नशीली दवाओं के कारोबार में किसी दवा व्यापारी की मिलीभगत बहुत कम है। ज्यादातर मामलों में दवा की सप्लाई दूसरे राज्यों से सीधे इस अनैतिक कारोबार से जुड़े लोगों को होती है। इन गतिविधियों पर भी विभाग को नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इन अफसरों की मौजूदगी

दो विभागीय मंत्रियों की बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इभनान साहू ने स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी इभनान साहू ने 18 से 23 नवंबर तक दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते। आर्टिज्म से पीड़ित युवा इभानन ने व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक, मिश्रित श्रेणी में रजत पदक और युगल टीम श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। होनहार युवा खिलाड़ी इभनान साहू के पिता डॉ. मनोज साहू और मां तेजश्री साहू ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि अपने बेटे के शानदर प्रदर्शन पर उन्हें गर्व है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने इभनान की जीत के सफर का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके बेटे ने अपने बालिंग का अभ्यास रीबाउंस से किया, जानकारों के अनुसार यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार 60 फीट की बालिंग शैली है।

- 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में गजब का प्रदर्शन, 3 पदक जीते

खबर संक्षेप

बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पलटा वाहन, दो मृत

महासमुंद। सड़क हादसे में पटेवा थाना अंतर्गत मंगलवार रात एनएच 53 पर दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े 10 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली झलप से मकान सेट्रिंग का सामान लेकर पतेरापाली जा रही थी, तभी एनएच 53 पर रायतुम के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और वह पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में सवार 06 लोगों में से प्रेम सिंग खड़िया और धेनू ध्रुव की दबने से मौत हो गई।

पेज 11 के शेष

पोटाश बम से घायल...

ने बताया कि घटना के बाद से ही 35–40 हाथियों के झुंड पर थर्मल ड्रोन की मदद से नजर रखी जा रही थी। घायल हाथी के बच्चे को उसके झुंड से अलग किए बिना उपचार करना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही थी। हा हाथी का दल घायल बच्चे को छोड़कर टाईगर रिजर्व के अंतिम छोर रिसगांव ओडिशा सीमा के तरफ बढ़ गया तो उसका इलाज प्रारंभ किया गया है। ज्ञात हो की हाथी के शावक जब घायल हुआ था उस समय भी सीतानदी अभ्यारण के एसडीओ की लापरवाही सामने आई थी। गंभीरता को देखते हुए उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आज पूरे रेस्क्यू व ईलाज के दौरान सीतानदी के एसडीओ एम.आर. साहू मौजूद नहीं थे।

नगर पालिका और...

करेंगे। शिकायत प्रकोष्ठ के लिए अपर कलेक्टर नवीन भगत नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जबकि भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक सुशील भोई को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परिवहन योजना और रूट चार्ट की व्यवस्था जिला परिवहन अधिकारी रविंद्र कुमार ठाकुर के जिम्मे है, जबकि मीडिया मॉनिटरिंग और प्रमाणन का कार्य सहायक संचालक हेमनाथ सिदार संभालेंगे। चिकित्सा सहायता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल को जिम्मेदारी दी गई है।

ठंड में नंगे पैर बच्चों को स्कूल आते देख एसडीओपी जूता मोजा खरीदकर अपने हाथों से पहनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह ने अपनी संवेदनशीलता एवं मानवीयता का एक अच्छा उदाहरण पेश किया है । एसडीओपी बाजी लाल सिंह बुधवार को थाना इंदागांव एवं देवभोग भ्रमण पर निकले थे। भ्रमण के दौरान थाना इंदागांव क्षेत्रंतर्गत ग्राम कोयबा के स्कूली बच्चों को ठंड में खाली पैर स्कूल जाते देख उनसे रहा नहीं गया। अपने स्टाफ के साथ रूक कर नन्हे बच्चों से बात कर हालचाल जाना। फिर अपने स्टाफ के साथ मार्केट जा कर उन बच्चों के लिए जूता एवं स्कूल बैग लाकर दिया। इतना ही नहीं थाना प्रभारी इंदागांव, उप निरीक्षक जितेन्द्र विजयवार, थाना प्रभारी देवभोग निरीक्षक गौतम चंदगावडे के साथ मिलकर अपने हाथों से बच्चों को मोजा जूता पहनाया। बच्चों के साथ यह मानवीय व्यवाहर पुलिस की छवि को यह दर्शाता है कि अपराधियों के प्रति कठोर व्यवाहर के साथ मानवता भी है। एसडीओपी मैनपुर बाजीलाल सिंह हमेशा क्षेत्र के ग्रामीणों के मदद मे सामने आते हैं। पूर्व मे भी उनके द्वारा कई ऐसे कार्य किये गये है जिनकी क्षेत्र के लोगो द्वारा प्रशंसा की गई है।

खास बातें

- पुलिस अफसर बाजीलाल ने पेश किया मानवीय उदाहरण
- इस संवेदनशीलता से बच्चों के मन में बनी पुलिस की अच्छी छवि

बच्चों के चेहरे खिल उठे

पुलिस अफसर से जूता मोजा मिलने और उस पर उनके पहनाने बच्चों के चेहरे में खुशी झलक उठी। यह कार्य गरियाबंद जिले में पुलिस की छवि को सकारात्मक रूप से उभारती है बल्कि यह संदेश भी देती है कि छोटे छोटे प्रयास से समाज में बड़ा बदलाव भी लाया जा सकता है। एसडीओपी पुलिस मैनपुर की यह पहल पुलिस और जनता के बीच मजबूत सकारात्मक रिश्ते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कार्यक्रम : विद्यार्थियों ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन

संविधान दिवस की कृषि कालेज में छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि कालेज एवं अनुसंधान केन्द्र में 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.गिरिजेश कुमार शर्मा एवं एनएस प्रभारी डॉ.सौरभ पदमशाली के मार्गदर्शन में किया गया। संविधान दिवस पर विद्यार्थियों, कालेज स्टाफ ने शपथ ली।

अधिष्ठाता डॉ. शर्मा संविधान के बारे में जानकारी देकर संविधना की प्रस्तावना उद्देशिका करवाया। उन्होंने संविधान दिवस को हमारे देश के विकास और समृद्धि के लिये आवश्यक बताया। इसकी महता बनाये रखना एक अनिवार्य कदम है। संविधान दिवस भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम के प्रति समर्पित बनाने का एक आवश्यक कदम है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.सौरभ पदमशाली ने संविधान की महत्ता और मौलिक अधिकार के बारे में बताया।संविधान दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण,चित्रकला प्रतियोगिता,प्रश्नोत्तरी आदि का कार्यक्रम किया गया। द्वितीय वर्ष के छात्र राजकुमार मधुकर ने संविधान दिवस पर भाषण दिया।

- विभिन्न प्रतियोगिता का किया आयोजन

ये रहे उपस्थित–

कार्यक्रम में डॉ.निरंजन खरे,डॉ.अजित कुमार मन्नाडे,डॉ.कुतल साटकर,डॉ सत्येन्द्र पाटले,डॉ.देवेन्द्र कुमार देवांगन,डॉ.लेख राम वर्मा,डॉ.सुमन रावटे,डॉ.अशोक कोसरिया,विभा चन्द्राकर, रामचरण साहू,मनीष कुमार बुधोलिया,कमलेश कुमार पैकरा,किरण कुमार श्याम,शशि भूषण बरिहा,जगतारण बंजारे, अधिकारियों एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

भारतीय संविधान सरल होने के साथ ही काफी विस्तृतः घनश्याम

फिंगेश्वर। भारतीय संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा में संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठक घनश्याम बघेल एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साहू द्वारा संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया।

शिक्षक थानू राम निषाद ने उपस्थित बच्चों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारीगण एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए संविधान की शपथ दिलाई गई। प्रधानपाठक घनश्याम बघेल ने कहा कि भारतीय संविधान अन्य देशों की अपेक्षा काफी सरल एवं विस्तृत है जिसे कोई भी सरलतम रूप में समझ सकता है। हमारा संविधान भारतीय गणतंत्र की

आत्मा है जिसमें हमारे देश के संचालन के साथ ही देश के प्रत्येक नागरिकों के लिये बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बिना किसी भेदभाव किए अपने दायित्वों एवं अधिकारों की व्याख्या की गई है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक थानू राम निषाद ने किया। इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पतोरा शिक्षक परमेश्वर यादव,ममता सिन्हा,रसोइया सोनिया सोनवानी सरिता सोनवानी के अलावा छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही।

धमनी स्कूल में संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

फिंगेश्वर। संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में संविधान दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठक गोप कुमार साहू एवं प्रीति नायक द्वारा संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया। शिक्षक महेन्द्र पंत ने सभी बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। संविधान को सदैव अंगीकृत एवं संरक्षित करने की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के बारे में बताते हुए शिक्षक महेन्द्र पंत ने कहा कि हमारा संविधान भारतीय गणतंत्र की आत्मा है। जिसमें हमारे देश के संचालन के साथ साथ ही साथ देश के प्रत्येक नागरिकों के लिये बिना किसी भेदभाव के दायित्वों एवं अधिकारों की व्याख्या की गई है। भारत की शासन प्रणाली संविधान के अनुरूप ही संचालित होती है। देश के प्रत्येक नागरिकों को अवसर की समानता के साथ ही साथ मौलिक अधिकार संविधान के द्वारा ही प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोप कुमार साहू ने कहा कि हमें संविधान द्वारा प्रदान किये अधिकारों के उपयोग के साथ ही साथ कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए जिससे की हम एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकें।

ये रहे उपस्थित : कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक गोप कुमार साहू,संकुल समन्वयक सुखेन साहू,प्रधानपाठक प्रिति नायक, शिक्षक महेन्द्र पंत,उत्तम भारती,पदमनी साहू,अनीता राजपूत तथा विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

26/11 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

स्थानीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला रसेला में संयुक्त रूप से संविधान दिवस मनाया गया और उद्देशिका का वाचन किया गया। हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्र आत्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों कोरू सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की क्षमता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मारपित करते हैं। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है, जो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। यह संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान दिवस को पहली बार 2015 में मनाया गया था, जब भारत सरकार ने इस दिन को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रधानपाठक बालचंद नेताम ने बताया कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में हमारे कई वीर जवानों ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। आज हम उन वीर सपूतों को सादर नमन करते हैं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। पाठशाला के सभी छात्र छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर नम आंखों से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक बालचंद नेताम, शिक्षक देवनारायण साहू, मिथलेश साहू उपस्थित रहे।

- माध्यमिक शाला रसेला में मना संविधान दिवस

पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

गरियाबंद/रसेला। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों हेतु जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी कर दी गई है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित तथा बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर होगा। गुणवत्ता का लक्ष्य प्राप्त करने एवं जिले में परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तर्ज पर कराया जा रहा है।

- निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार तथा बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर होगी परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने बताया कि परीक्षा 13 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 13 दिसम्बर को कक्षा पांचवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, आठवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत की परीक्षा होगी। इसी तरह 14 दिसम्बर को पांचवीं का गणित, आठवीं का हिंदी, दसवीं का विज्ञान, बारहवी का व्यवसाय अध्ययन एवं इतिहास शामिल है। 16 दिसम्बर को पांचवी एवं दसवीं कक्षा का अंग्रेजी, आठवीं का गणित, बारहवीं कक्षा का राजनीति, भौतिकी एवं अर्थशास्त्र शामिल है। 17 दिसम्बर को कक्षा पांचवी का पर्यावरण, आठवीं का सामाजिक विज्ञान, दसवीं का हिंदी एवं बारहवी का रसायन की परीक्षा होगी। 19 दिसम्बर को आठवीं का अंग्रेजी, दसवीं का गणित एवं बारहवीं का लेखाशास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, भूगोल तथा 20 दिसम्बर को कक्षा आठवीं का विज्ञान, कक्षा दसवीं का सामाजिक विज्ञान एवं कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी।

अच्छे आचरण से ही व्यक्तित्व का होगा निर्माण : बालमुकुंद

छुरा। कचना ध्रुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 25 नवम्बर को समीपस्थ ग्राम सारागांव में ब्लाक कमेटी अध्यक्ष पं. बालमुकुंद मिश्रा की मुख्य आतिथ्य में हुआ।

- सारागांव में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

कचना ध्रुवा महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य तेजस्वी यादव की अध्यक्षता व ग्राम सरपंच गोकुल ध्रुव, उपसरपंच मोहन लाल देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष कुन्दन निर्मलकर, प्रताप दिवान,प्रेमलाल देवांगन,पूर्व सरपंच सालिकराम ठाकुर,उत्तम चंद्राकर,कुंजलाल यदु,हरि नायक एवं पंचों की उपस्थिति में मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय को लेकर शिविर के मुख्य अतिथि पं. मिश्रा ने रासेयो ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने

बताया की युवा वर्ग को समाज के मुख्य धारा से जोड़कर राष्ट्र के नवनिर्माण में सहयोगी बनाना है,जिसके प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाजसेवा करना है। लगभग 100 की संख्या में कॉलेज छात्र-छात्राओं ने गांव में पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त भारत अभियान, शिक्षा ,स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरुकता के संबंध में रोचक नारे आदि से गांव में जनजागरूकता लाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि मिश्रा ने कहा कि अच्छे आचरण से ही व्यक्तित्व का निर्माण होगा। विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व,चेतना ,स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान भावना होगी, तभी स्वयंसेवक कर्तव्य निभा सकेंगे। तेजस्वी यादव ने महाविद्यालय संचालन में समाज की अहम भूमिका को बताते हुए उन पलों का साक्षात्कार कराया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी तरुण निर्मलकर ने स्वयं सेवकों की नियमित दिनचर्या एवं क्रिया कलापों से ग्रामवासियों को अवगत कराते हुए सहयोग की अपील की। स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों के स्वागत में गीत,नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक विनोद यादव ने किया। प्राध्यापिका निर्मला यादव, पी के यादव, सुश्री आरती साहू सहित पूर्व रासेयो स्वयं सेवको एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

राजिम के तीनों नेता एक मंच पर बरसों बाद नजर आए

राजिम। क्षेत्र के तीन दिग्गज नेता विधायक रोहित साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय बरसों बाद मंगलवार को अस्पताल परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह के दौरान एक मंच पर नजर आए। तीनों नेता पूरा समय एक दूसरे के साथ हंसी मजाक के लहजे में बात करते देखे गए।अपने उदबोधन में तीनों नेताओं ने एक दूसरे की जमकर तारीफ की। समूचे राजिम क्षेत्र में भाजपा में गुटबाजी की हवा फैली हुई थी। इससे तीनों नेता के समर्थक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी असमंजस में पड़े रहते थे। परंतु एक साथ तीनों को एक ही मंच में देखकर और एक दूसरे की तारीफ करते सुनकर शायद हवा कुछ बदले।

कृषि महाविद्यालय में प्रोफेसर बता रहे वैज्ञानिक तरीके

किसानों को प्रशिक्षण देकर मशरूम की खेती करने किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्रोफेसरों द्वारा दिया जा रहा है। छात्र- किसान शामिल होकर मशरूम की खेती का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मशरूम का वैज्ञानिक खेती करने के विभिन्न तरीकों के बारे में न सिर्फ जानकारी दी जा रही है बल्कि प्रेरित भी किया जा रहा है। मशरूम की खेती से बन सकते है आत्मनिर्भर,कम समय और कम लागत में मिलेगा बेहतर

उत्पाद,अभी के समय में सब्जीयों एवं मशरूम की खेती में काफी मुनाफा है। पारम्परिक खेती से हटकर किसानों को अधिक मुनाफे की खेती की तरफ ध्यान देना चाहिए।

मशरूम इकाई लगाने का संकल्प लिया गया। मशरूम केन्द्र के सहायक प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार कोसरिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यकम में कोई भी व्यक्ति,छात्र,किसान एवं कोई भी किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति आकर मशरूम की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। अगर वह अच्छा व्यवसाय करना चाहे तो उसकी तकनीकी सहायता और विशेषज्ञ भी प्रदान की जाएगी। सर्दियों के दौरान गरियाबंद इलाके में आयस्टर मशरूम,पैरा मशरूम,बटर मशरूम जैसे मशरूम कि किस्मों का उत्पादन शुरू किया जा सकता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गीरिजेश शर्मा ने कहा कि इस फसल की बड़ी डिमाड बाजार में हैं। जिसे किसान विक्रय कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

पुल निर्माण नहीं होने से 36 ग्रामों के हजारों ग्रामीणों करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र के तेल नदी उस पार 36 गांव के हजारों लोग पिछले तीन दशक से बेलाट नाला में पुल निर्माण की बाट जोह रहे हैं। बेलाट नाला में पुल निर्माण कराने की मांग को लेकर अब क्षेत्रवासी चक्काजाम व आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। बेलाट नाला को लेकर देवभोग में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 36 गांव के युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए।

बैठक में युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने कहा कि 15 साल बीजेपी की सरकार और विधायक भी थे लेकिन बेलाट नाला पर पुल निर्माण की घोषणा और बातें केवल कागजों व उनकी जुबान तक ही रही। ठगने में कांग्रेस सरकार भी कहीं पीछे नहीं रही। कांग्रेस सरकार के कई नेता व राजनेताओं ने भी इस नाले के संबंध वाहवाही लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सरकार बदली, सत्ता बदली लेकिन बेलाट नाला की ना दशा बदली, ना अवस्था बदली। क्षेत्र के कई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व नेताओं सहित विधायक, सांसद, मंत्री तक इसी बेलाट नाला को पार करके 36 गांव के ग्रामीणों के बीच पहुंचते हैं और आश्वासन तो देते हैं कि जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। युवा नेता उपसरपंच चंदन सोनी ने कहा कि क्षेत्र के कई बड़े नेता राजधानी रायपुर में पहुंचकर स्वीकृत कराने की बात भी कर ढिंढोरा पीटते रहे हैं। आज हमें बेलाट नाला में पुल निर्माण कराने की मांग को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

खास बातें

- बैठक का आयोजन कर बनाई गई आंदोलन की रणनीति
- अब तक नेताओं द्वारा दिया गया सिर्फ आश्वासन : युमेन्द्र

ये रहे उपस्थित

इस मौके पर युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप, उपसरपंच चंदन सोनी, तेजराज बिसी जनपद सदस्य, कुम्ड़ईकला सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर धुरवा, कोसमकानी सरपंच कार्तिक यादव, मानस कुमार वैष्णव, उमाशंकर सोनी, तरुण डोंगरे, सुशील पांडे, गुलाब यादव, गोविन्द सोरी,विजय बीसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री बनाए गए मनोज

मुडागांव(कोरासी)। कोसरिया मरार पटेल समाज छग युवा प्रकोष्ठ के मनोज पटेल को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। वे विगत 4 वर्षों सें ग्रामीण स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल संयोजक राजेन्द्र पटेल आदेशानुसार व युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष रितेश पटेल कोंडागांव कार्यकारी जितेंद्र पटेल महासचिव प्रकाश पटेल की अनुशंसा पर नियुक्ति किया गया। मनोज पटेल ने कहा कि हम सभी मिलकर नई सोच नई उमंग के साथ प्रदेशभर में युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर समाज की सर्वांगीण विकास एवं सशक्त समाज राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी पुरुषोत्तम पटेल, हरीश पटेल,यशवंत पटेल, हेमकुमार पटेल नीरज पटेल सुदर्शन पटेल,सियाराम पटेल,सोमनाथ पटेल, वासुदेव पटेल,धनेश्वर पटेल,सुखऊ पटेल,मन्नू पटेल सहित अन्य सामाजिक व आत्मीयजन ने हर्ष व्यक्त किया है।

सिन्हा कलार समाज का जिला सम्मेलन कल

छुईहा बेलर। जिला कलार समाज के तत्वावधान में ब्लाक परिक्षेत्र के सामाजिकजन के सहयोग से कलार समाज इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती एवं सम्मेलन का आयोजन 29 नवम्बर को गांधी मैदान गरियाबंद में होगा । फिगेंश्वर ब्लॉक परिक्षेत्र के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ने बताया कि छुईहा, चरौदा,बेलर सेंदर,बोड़की, सरगोड़, भेण्ड्री, जामगांव, कुण्डेल, गनियारी,सोरिद, बोरिद, लचकेरा, फिगेंश्वर सहित सभी गांवों जहां कलार समाज परिवार निवास रहता है। सभी वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। विशेष कर महिलाओं युवतियां सिर में कलश धारण कर समाज के अराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त विवध आयोजन के तहत सम्मान समारोह, खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम,युवक युवती परिचय सम्मेलन, आगन्तुक अतिथियों का उद्बोधन सम्मान होगा। आयोजन के मुख्यातिथि विधायक राजिम रोहित साहू , प्रदेश कलार समाज अध्यक्ष युवराज सिन्हा, जिला समाज अध्यक्ष अवध सिन्हा साथ मे प्रदेश, परिक्षेत्र, ग्राम, विभिन्न पदाधिकारी शामिल होंगे।

अस्पताल ले जाते एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद। डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने से एक व्यक्ति की तबियत बिगड़ने लगी, उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला अक्टूबर 2023 का है। पुलिस मर्ग जांच में जुटी हुई थी जांच के बाद मंगलवार को केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2023 को रात में राजाराम साहू पिता प्रभुराम साहू उम्र 36 साल निवासी मनकी की तबीयत खराब हो गई थी। अगले दिन फोन के माध्यम से ग्राम चंदरपूर के रहने वाले बंगाली डॉक्टर मिलन सरकार को बुलाये थे, तब मिलन सरकार के द्वारा राजाराम के घर में आकर उसे इंजेक्शन लगाया गया था।

राष्ट्रीय स्तर की जांच परीक्षा परख के संबंध में दो दिवसीय परीक्षण

जिले और विकासखंड के शैक्षिकस्तर के साथ ही शिक्षकों, विद्यालयों के स्तर का भी होगा सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्रीय स्तर की जांच परीक्षा परख के संबंध में महासमुंद डाइट द्वारा गरियाबंद जिले के बीएड एवं डीएड के चयनित छात्राध्यापकों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में 25 नवम्बर को प्रशिक्षित किया गया । प्रशिक्षण एससीईआरटी, डाइट महासमुंद, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत गरियाबंद, जिला मिशन समन्वयक केएस नायक के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ ।

- डेटा कलेक्शन, आब्जर्वर के कार्य सहित अन्य की दी जानकारी

राष्ट्रीय स्तर की जांच परीक्षा जो कि कक्षा 3वीं, 6वीं व 9वीं में 4 दिसम्बर को संचालित होने वाली है के संबंध में गरियाबंद जिले के अलग अलग विकासखंड के तीन महाविद्यालय कचना घुरवा छुरा, वीरेन्द्र दीपक जामगांव एवं आईटीएस के बीएड डीएलएड छात्राध्यापको को परख जांच परीक्षा संबंधी 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण को महासमुंद डाइट के मास्टर ट्रेनर्स एवं गरियाबंद जिले की प्रभारी किरण कन्नौजे एवं संतोष साहू द्वारा दिया गया।

कक्षा अनुसार ओएमआर शीट के भरने के तरीके, भरे हुए ओएमआर शीट की ऑनलाइन एंट्री, रेंडम मेथड , फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के रूप में भूमिका को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया। परख राष्ट्रीय स्तर का उपलब्धि सर्वेक्षण है, अतः इसमें फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के परीक्षा के पूर्व तैयारी से लेकर परीक्षा के बाद तक की भूमिका को बिंदुवार बताया गया । कक्षा संख्या अनुसार सेम्पलिंग प्रक्रिया कैसी करनी है, रेंडम मेथड , कंट्रोल शीट को कैसे भरना है, निरीक्षण प्रोफार्मा, ओएमआर शीट व बुकलेट वितरण, बुकलेट व ओएमआर शीट में सामान्य जानकारी कैसे भरें, काउंटिंग एन्ड पेकिंग , डेटा कलेक्शन, आब्जर्वर के कार्य, आब्जर्वर एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के बीच समन्वय आदि हर एक पहलू को मास्टर ट्रेनर्स संतोष साहू व किरण कन्नौजे द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया। कक्षा 3, 6 व 9वीं के प्रश्नों की संरचना, ओएमआर शीट, बुकलेट, विषयों का वर्गीकरण के बारे में भी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को जानकारी दिया गया।

जिला मिशन समन्वयक के एस नायक ने छात्राध्यापकों को राष्ट्रीय स्तर के इस सर्वे मे उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस सर्वे द्वारा राज्य, जिले एवं विकासखंड के शैक्षिक स्तर के साथ साथ शिक्षकों, विद्यालयों के स्तर का भी सर्वेक्षण होगा । जिला कार्यक्रम समन्वयक विल्सन थॉमस ने परख सर्वेक्षण में प्रत्येक फील्ड इन्वेस्टिगेटरर्स को कार्य की महत्ता समझाते हुए कर्तव्यता पूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा । विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक ने परख परीक्षा 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण बताया और प्रशिक्षार्थियों को परख सर्वे हेतु पहले से पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस प्रकार कचना घुरवा महाविद्यालय छुरा में आयोजित प्रशिक्षण में गरियाबंद जिले के चयनित छात्रा अध्यापक सम्मिलित हुए ।

ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से जिला मिशन समन्वयक के एस नायक, जिला कार्यक्रम समन्वयक विल्सन थॉमस , विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एस मतावले, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एच के देवांगन, जिला प्रभारी किरण कन्नौजे, संतोष साहू, प्राचार्य दिनेश कुमार साहू कचना घुरवा कॉलेज, प्रोफेसर कैलाश साहू , संकुल समन्वयक एव सभी बीएड डीएलएड छात्राध्यापक उपस्थित रहे ।

श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सीएम विष्णुदेव साय द्वारा भगवान श्री रामलला दर्शन की योजना के तहत राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर के नेतृत्व में महिलाओं की एक टोली अयोध्या के लिए रवाना हुई। टोली में सभापति पूर्णिमा चंद्राकर ,सभापति पुष्पा गोस्वामी ,भाजपा नेत्री छाया राही ,महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनीता-पुरन यादव सहित अनेको महिला शामिल है। श्रीमती सोनकर ने सीएम विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

कोरासी के स्कूलपारा में रंगमंच निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

मुड़ागांव(कोरासी)। जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत करकरा आश्रित ग्राम कोरासी के स्कूल पारा में रंगमंच निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रहलाद यदु कृषि सभापति एवं सरपंच कुमारी बाई ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल अजय ठाकुर,राजू सिन्हा, अंजोर सिंह दीवान, लोकेश ठाकुर,लाला पटेल,टीकम ठाकुर, हितेश ध्रुव, बलराम पटेल उपस्थित रहे।

अधिकारी हर काम को समयसीमा में पूरा करें: विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

स्थानीय रेस्ट हाऊस में बुधवार को विधायक रोहित साहू की अध्यक्षता में राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा इंजीनियरों की बैठक लेकर विकास कार्यों व हितग्राहीमूलक योजनाओं के सभी कार्यों की समीक्षा की गई।

- रेस्ट हाऊस में जनपद, नगरीय निकायों के अधिकारियों की ली बैठक

बैठक में विधायक रोहित साहू ने कहा कि समय-समय पर विभागीय अधिकारियों की समीक्षा लेने से सभी विकास कार्यों की प्रगति उचित तरीके से होती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनमानस के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। सभी विकास कार्य समय पर हों तथा सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसा हमारा प्रयास है। हम

अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रहे हैं, यही हमारा ध्येय है। जिसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यान

विधायक श्री साहू ने मौजूद सभी अफसरों को निर्देश देते हुए साफ-साफ कहा कि सारे विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण हो इस बात का ध्यान रखें। जिन विभागों के काम आधा-अधूरा है अथवा कछुआ चाल से हो रहा है, उन पर कार्रवाई होगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि काम को जल्द पूरा करें और तेज गति लाने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण काम करें। जनता से हमेशा सही व्यवहार रखे।

बाबा साहेब अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2024 से गुरुदेव सम्मानित

मुड़ागांव(कोरासी)। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष में गुरुदेव भास्कर शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंक्तियां विकासखंड छुरा जिला गरियाबंद को बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2024 की मानक उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम गुरु घासीदास भवन न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जज एस एल मात्रे, अध्यक्षता श्रीमती सुशीला वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला अध्यक्ष छन्नूलाल बंजारे राष्ट्रपति पुरस्कृत आदर्श शिक्षक, प्रांत अध्यक्ष जी आर बंजारे ज्वाला उपस्थित रहे।

ठंड बढ़ी, लोग सेहत बनाने करने लगे रोज मार्निंग वाक

मुड़ागांव(कोरासी)। इन दिनों क्षेत्र में कड़ाके के ठंड पड़ रही है। ठंड के दिनों में सुबह- सुबह मार्निंग वॉक करना सेहत के लिए लाभदायक है। सेहत बनाने में ग्राम रानीपरतेवा मुड़ागांव के मध्य सूखा नाला स्थिति पुल पर इन दिनों सुबह सुबह मार्निंग वॉक के साथ गुलाबी ठंड का आनंद लोग ले रहे हैं। ग्राम मुड़ागांव और रानीपरतेवा के शिक्षकगण छोटेलाल सिन्हा,

चमन नामदेव, गिरवर निषाद, योगराज मरकाम,पिन्टू साहू,खुमन सिंह,ओकेश कुमार,कुंजलाल दीवान आदि लोग पुल पर सेहत बनाने के लिए प्राणायाम योगा करते हुए नजर आ रहे हैं।

साजापाली अटल चौक में मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम सजापाली में अटल चौक पर संविधान दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य वक्ता के रूप में मन्नू लाल चौहान घासीदास ध्रुव एवं गांव के कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे।

मसूदा समिति श्री टीटी कृष्णमाचारी 5 नवंबर 1948 को संविधान सभा में

अपने भाषण में कहा था संविधान सभा की प्रारूप मसौदा समिति के साथ सदस्य थे। सर्वश्री पहले आलंदी स्वामी आयत एन गोपाल स्वामी भयंकर के मुंशी सैयद मोहम्मद सहदुल्लाह बल मित्र डीपी खेतान बी आर अंबेडकर अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर संतु यादव, कुमार सिंह विश्वकर्मा, शेर सिंह ध्रुव, घासीराम ध्रुव, बीनू राम यादव, मोहिनी ध्रुव, सिरवंती विश्वकर्मा, भंवर लाल ध्रुव आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

साय सरकार में कृषक हो रहे समृद्ध: रामुराम

बेलर सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी अमर ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बेलर में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अमरसिंग छग शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिन्होंने मंगलवार को खरीदी केंद्र प्रांगण में शपथ एवं पदभार ग्रहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता रामुराम साहू फिगेंश्वर थे। उन्होंने उपस्थित किसान एवं नागरिक को सम्बोधित करते हुए कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने अपने इस कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं को लगागार जमीनी रूप दिया है। जिसके चलते लगातार इस क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़

विकास के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है । छत्तीसगढ़ सरकार पिछले 9 माह के काम को आम जनता बड़ी उपलब्धि मान रही है।

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद विकास योजनाओं को गति दी गई है। सरकार ने कृषक उन्नति से समृद्ध किसान योजना के तहत किसानों का धान समर्थन मूल्य अतिरिक्त सहित 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा रहा है। 2 साल का बकाया बोनस किसानों को दिया गया,18 लाख से अधिक परिवारों के लिए पीएम आवास की मंजूरी मिली। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के बीच में किसानों ने मिलर्स कोटे के बारदाना को किसान पर थोपने को असहज कहा, हम नकद नहीं खरीद सकते हैं। उपस्थित अधिकारियों जनप्रतिनिधि ने वैकल्पिक रास्ता निकालने की बात कही है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहू, अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू,प्राधिकृत अधिकारी अमर साहू, सरपंच बेलर टायल साहू,सरपंच बोड़की रामजी साहू,पूर्व उपसरपंच खोमन साहू,पुर्व अध्यक्ष महेतरू सिन्हा, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, प्राधिकृत समीति परसदाकला जनक श्रीवास, प्राधिकृत समीति फिगेंश्वर अश्वनी विश्वकर्मा, डोमार ध्रुव किसन निषाद, जनपद सदस्य आशा राम साहू, देवलाल वर्मा, भागवत सिन्हा, नारायण साहू ,समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, कम्प्यूटर आपरेटर रेवतीरमन साहू, राधेश्याम साहू, ब्रांच मनेजर शेषनरायण, कपुरदास मानिकपुरी, पर्वेक्षक एम एस गड़ितिया,गिरवर साहू, तुलाराम साहू मदन ललीत, हूलास,ऐदराम साहू, रामलाल, पिलाचंद माण्लेय उपस्थित रहे।